निजी कार मालिक भी ओला-ऊबर से कमा सकेंगे पैसा

राष्ट्रीय खबर

- अगर आपकी कार ज्यादा समय तक खड़ी रहती है तो आप ओला-ऊबर के प्लैटफॉर्म का इस्तेमाल कर उससे कमाई कर सकेंगे।
- सरकार टैक्सी परमिट नियमों को आसान बनाने की तैयारी में है।
- इसके तहत ऊबर और ओला जैसे टैक्सी अग्रीगेटर्स के जरिए निजी कारों को टैक्सी सेवाएं देने की अनुमति दी जा सकती है।
- अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर जैसे देशों में उबर को राइड-शेयरिंग के लिए निजी कारों का इस्तेमाल करने की अनुमति है।

अमूल ला रहा है हल्दी-दूध, 'मॉकटेल'

राष्ट्रीय खबर

- दूध, दही, घी, मक्खन के बाद अमूल ने अब आपको वह परोसने का फैसला किया है, जो आपको दादी-नानी ने जरूर पिलाया होगा।
- एशिया के सबसे बड़े मिल्क ब्रैंड अमूल ने जल्द ही देशभर में 'हल्दी दूध' लॉन्च करने का फैसला किया है।
- नई पीढ़ी के स्वाद को ध्यान में रखते हुए हल्दी दूध के साथ ही 'आयरिश ड्रिंक मॉकटेल' भी पेश करने की योजना है।

अन्ना का सत्याग्रह शुरू

राष्ट्रीय खबर

- समाजसेवी अन्ना हजारे ने राजधानी के रामलीला मैदान में 7 साल बाद फिर अनशन शुरू कर दिया है।
- इस बार आंदोलन में जनलोकपाल के साथ देशभर के किसानों की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है।
- अन्ना ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी।
- 2011 में अन्ना ने लोकपाल बिल की मांग को लेकर जंतरमंतर पर भूख हड़ताल की थी।
- इसके बाद रामलीला मैदान में बड़ा आंदोलन हुआ, जिसमें लाखों लोग जुटे थे।

चारा घोटाले में लालू यादव को अब तक की सबसे बड़ी सजा

राष्ट्रीय खबर

- चारा घोटाले से जुड़े दुमका ट्रेजरी केस में सीबीआई स्पेशल कोर्ट ने लालू यादव को 14 साल की सजा सुनाई।
- उन पर 60 लाख का जुर्माना भी लगाया।
- सीबीआई के वकील ने शनिवार को आए इस फैसले के बारे में बताया कि कोर्ट ने लालू को आईपीसी और करप्शन एक्ट के तहत 7-7 की सजा सुनाई है, जो अलग-अलग चलेंगी।
- लालू की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई, क्योंकि वे अस्पताल में भर्ती हैं।

मार्टिन विजकार्रा ने पेरू के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की

- पेरू के नए राष्ट्रपति मार्टिन विजकार्रा ने 23 मार्च 2018 को देश के नए राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की.
- इस दौरान मार्टिन ने सरकार में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रुख अपनाने की प्रतिबद्धता जताई.
- इससे पहले भ्रष्टाचार में फंसे पेड्रो पाब्लो कुजिंस्की ने राष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था.

वैश्विक खबर

जर्मन राष्ट्रपति वॉल्टर भारत में

- जर्मन प्रेसिडेंट फ्रैंक वॉल्टर श्टाइनमायर शनिवार को नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री सुषमा स्वराज से मुलाकात करेंगे।
- इस दौरान दोनों देशों के बीच कई अहम समझौते हो सकते हैं।
- इससे पहले वॉल्टर को राष्ट्रपति भवन में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।
- इस मौके पर राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और पीएम मोदी ने उनका स्वागत किया।
- जर्मन प्रेसिडेंट ने राजघाट पर महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि भी अर्पित की।
- वॉल्टर पत्नी एल्क बुडनबर्ग के साथ गुरुवार को भारत के 5 दिवसीय दौरे पर आए हैं।

वैश्विक खबर

अमेरिका ने डब्लूटीओ में एक्सपोर्ट सब्सिडी स्कीमों को दी चुनौती

- अमेरिका ने भारत की एक्सपोर्ट सब्सिडी स्कीमों को विश्व कारोबार संगठन (डब्लूटीओ) में चुनौती दी है।
- अमेरिकी शिकायत में 6 स्कीमों के नाम हैं।
- इसमें कहा गया है कि भारत निर्यातकों के अलावा स्टील प्रोडक्ट, फार्मा, केमिकल, आईटी और टेक्सटाइल निर्माताओं को इन्सेंटिव देता है।
- इन स्कीमों से इन्हें हर साल 7 अरब डॉलर (45,500 करोड़ रुपए) की मदद मिलती है।

वैश्विक खबर

19वीं बार बदलेगा फ्रांस के एफिल टॉवर का रंग

- फ्रांस के मशहूर एफिल टॉवर के 129 साल के इतिहास में 19वीं बार इसका रंग बदला जाएगा।
- इसमें तीन साल का समय लगेगा।
- टॉवर की चमक को बनाए रखने के लिए 60 हजार किलो लाल पेंट की जरुरत पड़ेगी।
- इसके लिए 2.4 हजार करोड़ रुपए का बजट रखा गया है।
- टॉवर की पुताई करने का काम अक्टूबर में शुरू होगा।
- एफिल टॉवर 1889 में बना था, तब इसका रंग लाल ही था।

वैश्विक खबर

अमेरिका में उबर की सेल्फ ड्राइविंग सर्विस बंद

- अमेरिका के एरिजोना में सेल्फ ड्राइविंग कार की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई।
- ये अपनी तरह का पहला हादसा है जब खुद ऑपरेट होने वाली कार से किसी जानलेवा एक्सीडेंट हुआ हो।
- इस हादसे के बाद उबर ने पूरे उत्तरी अमेरिका में इन कारों की टेस्टिंग रोक दी है।
- दुनियाभर की कई बड़ी कार कंपनियां सेल्फ ड्राइविंग कारों की टेस्टिंग कर रही हैं।
- इनमें टेस्ला, फोर्ड मोटर्स और वायमो जैसी कंपनियां शामिल हैं।

वैश्विक खबर

ट्रम्प प्रशासन ने बदले ओबामा के कार्यकाल में बने नियम

- अमेरिका में अब ट्रांसजेंडर्स को सेना में काम करने का मौका नहीं मिलेगा।
- व्हाइट हाउस ने शुक्रवार को सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती और सेवाओं को लेकर नए नियमों का एलान किया।
- इसके तहत कुछ विशेष परिस्थितियों को छोड़कर ट्रांसजेंडर्स को सेना में नौकरी नहीं दी जाएगी।
- ओबामा प्रशासन ने **2016** में सेना में ट्रांसजेंडर्स की भर्ती के लिए नियम बनाए थे।

वैश्विक खबर

एलन मस्क ने अपनी कंपनियों टेस्ला और स्पेस-एक्स के फेसबुक पेज डिलीट किए

- अमेरिकी कारोबारी और अरबपति एलन मस्क ने फेसबुक से अपनी दो कंपनियों- टेस्ला और स्पेस-एक्स के पेज हटा लिए हैं।
- इन पेज पर 26 लाख लाइक्स और फॉलोवर्स थे।
- फेसबुक पर ब्रिटेन की कंपनी कैम्ब्रिज एनालिटिका को 5 करोड़ से ज्यादा यूजर्स की जानकारी देने का आरोप लगा है।
- इसके बाद कई लोगों ने फेसबुक से अपने अकाउंट हटाना शुरू दिए हैं।

वैश्विक खबर

ताजिकिस्तान: दुनिया का पहला देश जहां सभी महिलाओं के लिए ड्रेस कोड तय, बुर्का पर बैन

- ताजिकिस्तान सरकार ने 7 साल की बच्चियों से लेकर 70 साल तक की महिलाओं के लिए ड्रेस कोड तय कर दिया है।
- इसके लिए संस्कृति मंत्रालय ने बाकायदा एक किताब भी जारी की है, जिसमें बताया गया है कि महिलाओं को किस मौके पर किस तरह के कपड़े पहनने हैं।
- इसमें मॉडल्स के जरिए कपड़ों को दिखाया गया है।
- इसके अलावा 90% मुस्लिम आबादी वाले इस देश में बुर्का और पश्चिमी परिधान (वेस्टर्न ड्रेस) पहनने पर रोक लगाई गई।

वैश्विक खबर

हेट क्राइम के खिलाफ सिखों के कैंपेन “वी आर सिख” को मिला अमेरिका का टॉप अवॉर्ड

वैश्विक खबर

- अमेरिका में हेट क्राइम के खिलाफ सिखों द्वारा चलाए गए कैंपेन 'वी आर सिख' को पीआर वीक यूएस अवॉर्ड मिला।
- इस अवॉर्ड को पब्लिक रिलेशन इंडस्ट्री का ऑस्कर भी कहा जाता है और ये यूएस का टॉप अवॉर्ड है।
- सार्वजनिक मुद्दों को उठाने के लिए कैंपेन को ये खिताब दिया गया।

कॉमनवेल्थ गेम्स: सिंधु होंगी ध्वज वाहक

खेल

- ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में 4 अप्रैल से शुरू हो रहे कॉमनवेल्थ गेम्स-2018 में बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु भारतीय दल की ध्वजवाहक होंगी।
- इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) ने इसकी घाेषणा की।
- आईओए ने पीवी सिंधु को रियो ओलंपिक में सिल्वर मेडल जीतने का इनाम दिया है।

वर्ल्ड हैप्पीनेस रिपोर्ट में भारत 11 पायदान नीचे आया

श्रेणी

- नॉर्वे को पछाड़कर फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश बन गया है, जबकि बुरडी सबसे नाखुश है।
- इस मामले में भारत 156 देशों में 133वें नंबर पर है। इसमें पिछले साल की तुलना में 11 पायदान की गिरावट रही है।
- पाकिस्तान, चीन, बांग्लादेश, श्रीलंका और म्यांमार जैसे देश भारत से ज्यादा खुशहाल हैं।

आईबीएम ने बनाया दुनिया का सबसे छोटा कम्प्यूटर

विज्ञान



- आईबीएम ने दुनिया का सबसे छोटा कम्प्यूटर बनाने का दावा किया है।
- कंपनी ने लास वेगास में एक प्रोग्राम में माइक्रो कम्प्यूटर को सबके सामने रखा।
- कंपनी का कहना है कि ये एक एंटी फ्रॉड डिवाइस है।
- जिसमें एक चिप के अंदर प्रोसेसर, मेमोरी और स्टोरेज समेत पूरा कम्प्यूटर सिस्टम है।